नशा मुक्ति 2 .0 के तहत जागरुकता कार्यक्रम

- सिवनी मालवा में चल रहा है नशा विरोधी अभियान
- शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 22 जुलाई, सिवनी मालवा के शासकीय कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान 2.0 के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था. कार्यक्रम में शासकीय चिकित्सालय के विशेषज्ञ संजय दीवान एवं सुरेश यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशों से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी तथा युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने का आह्वान किया. साथ ही कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार एवं इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों पर भी प्रकाश डालते हुए जागरूकता फैलाने की अपील की.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में लगानी चाहिए. उन्होंने कहा कि जागरूकता ही नशा मुक्त समाज की सबसे बड़ी ताकत है.

प्राध्यापक डॉ. धीरेंद्र दुबे ने छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली, आत्मसंयम और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यही नशे से बचाव के सबसे प्रभावी उपाय हैं. उन्होंने छात्राओं से अपने परिवार एवं समाज में भी नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने का आग्रह किया. अंत में उपस्थित सभी छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई.

> राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आकांक्षा पांडेय ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयंसेवकों का दायित्व केवल स्वयं जागरूक होना नहीं, बल्कि समाज को भी जागरूक बनाना है. उन्होंने छात्राओं से नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया.

मूंग खरीदी में पारदर्शिता रखें : वर्मा

- एसडीएम रजनी वर्मा ने केंद्रो का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

खिरकिया, 22 जुलाई. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खिरकिया सुश्री रजनी वर्मा ने बुधवार को ग्राम मांदला और मुहालकला में संचालित मूंग उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया, किसानों के पंजीयन, तौल व्यवस्था तथा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया.

एसडीएम ने उपार्जन प्रभारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो. उन्होंने कहा कि मूंग उपार्जन का कार्य पूरी पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए तथा तौल और भुगतान प्रक्रिया में नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए. निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे. एसडीएम ने किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उपार्जन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए.

छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी, 22 जुलाई . राहुल गांधी की गिरफ्तारी तथा दिल्ली में छात्रों पर कथित रूप से हुए लाठीचार्ज के विरोध में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी बनखेड़ी द्वारा राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया. ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि छात्रों पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए. इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पलिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कुंजीलाल पटेल, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप साहू, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा, विधानसभा प्रत्याशी रहे वीरेंद्र बेलबंशी, अरविंद पांडे, हरिवल्लभ मालपानी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

ब्लैकबक का मांस सहित आरोपी गिरफ्तार, सात की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

पिपरिया, 22 जुलाई. पिपरिया बफर वन विभाग की टीम ने ग्राम ऊंटिया किशोर में कार्रवाई करते हुए एक घर से संरक्षित वन्यप्राणी ब्लैकबक (कृष्ण मृग) का करीब 500 ग्राम पका हुआ मांस बरामद किया है. टीम ने मौके से शिकार में प्रयुक्त एक कुल्हाड़ी, दो हंसिए, एक बोरी और एक कलछुल भी जब्त कर वन अपराध दर्ज किया.

मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में आरोपी नेतराम उर्फ भूरा अहिरवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. आरोपी की निशानदेही पर घटना स्थल से कृष्ण मृग का कच्चा मांस भी बरामद किया गया. मामले में अन्य सात सह-आरोपियोंकी तलाश जारी है और वन विभाग विवेचना में जुटा है. कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी पी.एल. डोयरे, वनपाल रेखा ठाकुर, नंदकिशोर अहिरवार, दीपक साहू तथा वनरक्षक प्रवीण रघुवंशी की विशेष भूमिका रही.

खापरखेड़ा स्कूल में 500 सीड बॉल का प्रक्षेपण 300 पौधे लगाए

पिपरिया. शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, खापरखेड़ा में कलेक्टर एवं एसडीएम आकिप खान के निर्देशानुसार सीड बॉल प्रक्षेपण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.एल. रघुवंशी, बीआरसी प्रदीप शर्मा और प्राचार्य यमुना गुप्ता की मौजूदगी में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने 500 सीड बॉल का प्रक्षेपण किया तथा परिसर में 300 पौधों का रोपण किया. पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ.

शासकीय कन्या विद्यालय में वृक्षारोपण अभियान शुरू

- विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी हुए शामिल
- सीड बॉल से हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया

नवभारत न्यूज

पिपरिया, 22 जुलाई. कलेक्टर के निर्देश एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, पिपरिया में वृक्षारोपण एवं सीड बॉल प्रक्षेपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी, विकासखंड स्रोत समन्वयक प्रदीप शर्मा तथा प्रभारी प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की.

इस दौरान छात्राओं और शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक पौधे लगाए तथा सीड बॉल के माध्यम से हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया. विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार एक सप्ताह तक चलाया जाएगा. कार्यक्रम में सभी ने लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया.

एक नजर में

रायपुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नर्मदापुरम. मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं तृप्ति शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया गया. जिसमें न्यायाधीश सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के. शिवानी, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह, शाला की प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट, श्रम कानून, यातायात सुरक्षा, सायबर सुरक्षा एवं सोशल मीडिया के उपयोग के संबंध में विद्यार्थीगण को जागरूक किया गया, साथ ही नेशनल लोक अदालत, मोटर व्हीकल एक्ट, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी. जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह के द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी के साथ-साथ अपने विद्यार्थी जीवन के लक्ष्य के प्रति जागरूक एवं सजग होने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया.

पंचायत में मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण पूरा

पिपरिया. ग्राम पंचायत बनवारी में वर्ष 2025-26 के तहत मनरेगा से कराए गए कार्यों का त्रिस्तरीय सामाजिक अंकेक्षण एवं सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है. सामाजिक अंकेक्षण दल ने 47 हितग्राही मूलक और 3 सामुदायिक कार्यों का भौतिक, दस्तावेजी एवं मौखिक सत्यापन किया. इन कार्यों पर 10.67 लाख रुपये खर्च हुए, जिनमें 25 कार्य पूर्ण और 25 प्रगतिरत पाए गए. विकासखंड समन्वयक राजेश कुमार ग्यारसे ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के बाद आज पंचायत मुख्यालय पर विशेष ग्राम सभा आयोजित होगी. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ग्राम सभा के लिए पटवारी पंकज साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है.

ग्राम बनवारी में सीडबॉल प्रक्षेपण -पौधारोपण

पिपरिया. नवांकुर अभियान के अंतर्गत ग्राम बनवारी में सीडबॉल प्रक्षेपण एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में एसडीएम आकिप खान, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, तहसीलदार, ग्राम सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे. इस अवसर पर एसडीएम आकिप खान ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया.

तहसीलदार ने किया भूमि का चिन्हांकन एवं मौका निरीक्षण

हरदा. शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिये नगर पालिका द्वारा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निर्माण कराया जाएगा, जिससे शहर में स्वानवंशीय पशुओं के नियंत्रण और देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित होगी. इस सेंटर के लिये भूमि आवंटन हेतु तहसीलदार एवं नगर पालिका दल द्वारा ग्राम रन्हाईकला में एक एकड़ भूमि चिन्हित की जा रही है. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार बुधवार को तहसीलदार महेन्द्र सिंह चौहान ने एबीसी सेंटर हेतु भूमि का चिन्हांकन किया. इस सेंटर में शहर के आवारा कुत्तों को पकड़कर वैज्ञानिक तरीके से उनका बंध्याकरण किया जाएगा.

1 साल से फरार आरोपी अभिषेक उर्फ बादशाह गिरफ्तार

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 22 जुलाई. थाना कोतवाली पुलिस ने आबकारी अधिनियम के एक मामले में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी अभिषेक उर्फ बादशाह को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था, जिसे योजनाबद्ध कार्रवाई के तहत घेराबंदी कर पकड़ा गया.

थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार किया. 19 दिसंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना

कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था. इस दौरान 71 लीटर देशी प्लेन शराब और एक सवारी ऑटो जब्त किया गया था तथा आरोपी निर्मल उर्फ निम्मा कहार को गिरफ्तार किया गया था. वहीं, मुख्य आरोपी अभिषेक उर्फ बादशाह पिता किशोरी लाल मेहरा, निवासी आदमगढ़, मौके से फरार हो गया था.

जिला स्तरीय बीमा समिति की पहली बैठक

नवभारत न्यूज

हरदा, 22 जुलाई. जिला स्तरीय बीमा समिति की प्रथम बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया गया.

सीईओ जिला पंचायत ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का इन योजनाओं के

तहत बीमा सुनिश्चित करें. साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सचिव, रोजगार सहायकों तथा स्कूलों के माध्यम से भी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा.

बैठक में इकोटोकिया कंपनी के अधिकारी धर्मेंद्र गायकवाड़ ने बताया कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के तहत 'इंश्योरेंस फॉर ऑल' अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. इसके लिए जिला स्तर पर बीमा अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की जाएगी, जो विभिन्न शिविरों और कार्यक्रमों में लोगों को योजनाओं की जानकारी देगी.

संगठन को नई ऊँचाईयों तक ले जाएंगी मोनिका : प्रीति

बूथ स्तर तक सशक्त होगा महिला मोर्चा : मोनिका चौकसे

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. महिला मोर्चा की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष मोनिका चौकसे ने बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित पदभार ग्रहण एवं स्वागत-सम्मान समारोह के दौरान पदभार ग्रहण किया.

जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पमालाओं एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में पद नहीं, बल्कि कार्यकर्ता का दायित्व सर्वोपरि होता है. पद आते-जाते रहते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होना हम सभी के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है. उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली मातृशक्ति को संगठन में सशक्त भूमिका प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है.उन्होंने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोनिका चौकसे को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन की रीति-नीति, विचारधारा एवं कार्य पद्धति के अनुरूप महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगी. इस अवसर पर उन्होंने मोनिका चौकसे के संगठनात्मक जीवन, विभिन्न दायित्वों तथा लंबे समय से पार्टी के प्रति उनके समर्पित योगदान से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया.

> भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोनिका चौकसे ने कहा कि महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के लिए संगठित प्रयास किए जाएंगे. संगठन की रीति-नीति और विचारधारा को प्रत्येक घर तक पहुंचाने के साथ केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी.

आज मनाएंगे भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

हरदा, 22 जुलाई. भारतीय मजदूर संघ जिला हरदा द्वारा आज गुरूवार को 23 जुलाई को संगठन का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. इस संबंध में जिला मंत्री प्रबल पवार ने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सूचना जारी करते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है.

उन्होंने बताया कि जिला कार्यसमिति की बैठक में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापना दिवस समारोह भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है. कार्यक्रम 23 जुलाई गुरूवार को दोपहर 3:30 बजे बलराम सभागृह, मंडी परिसर, हरदा में आयोजित होगा.

जिला मंत्री प्रबल पवार ने संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं महिला शक्ति से समारोह में सहभागिता कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस भारतीय मजदूर संघ की संगठनात्मक मजबूती, श्रमिक हितों के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का अवसर है.

मुद्दा — मानसून सत्र में विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने उठाए हरदा के मुद्दे

सरकार ने कई सवालों पर कहा- समय-सीमा बताना संभव नहीं

नवभारत न्यूज

हरदा, 22 जुलाई. मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने किसानों, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और सड़क निर्माण से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए.

उन्होंने प्रदेश में लागू ई-टोकन खाद वितरण व्यवस्था को समाप्त कर पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान प्रणाली से किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही है तथा बटाईदार और छोटे किसान सबसे अधिक परेशान हैं.

डॉ. दोगने ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के लंबित मुआवजे, मुहाल माइनर सिंचाई परियोजना, शासकीय अस्पतालों में रिक्त पदों और स्कूलों में शिक्षकों की कमी को लेकर भी सरकार से सवाल किए.

सरकार ने अपने जवाब में माना कि वर्ष 2025-26 की प्राकृतिक आपदा से हरदा जिले में फसलों को नुकसान हुआ और मुआवजा स्वीकृत किया गया है, लेकिन कुछ मामलों में विवाद और अन्य कारणों से भुगतान लंबित है. सरकार ने यह भी कहा कि भुगतान पूरा होने की कोई निश्चित समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

जल संसाधन विभाग ने बताया कि मुहाल माइनर परियोजना का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष कार्य 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है.

स्वास्थ्य और स्कूल शिक्षा विभाग ने अधिकांश जानकारियां परिशिष्ट में उपलब्ध कराने की बात कही तथा अस्पतालों और स्कूलों में रिक्त पदों की पूर्ति को निरंतर प्रक्रिया बताते हुए उनकी पूर्ति की कोई निश्चित समय-सीमा नहीं बताई.

> जवाबों पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक डॉ. दोगने ने कहा कि सरकार समस्याओं को स्वीकार तो कर रही है, लेकिन उनके समाधान के लिए कोई ठोस और समयबद्ध योजना नहीं है. उन्होंने कहा कि हरदा की जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि परिणाम चाहती है और वे किसानों, युवाओं तथा आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लगातार उठाते रहेंगे.

एक पेड़ माँ के नाम के तहत सीडबॉल वितरण

- राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी ने किया आयोजन
- पर्यावरण संरक्षण करने और पौधरोपण की दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 22 जुलाई. गृहविज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार के मार्गदर्शन में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में सीड बॉल वितरण एवं पर्यावरण संरक्षण शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार

ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का संदेश देने वाला जन-अभियान है.उन्होंने कहा कि आज बोया गया प्रत्येक बीज भविष्य में एक विशाल वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. उन्होंने सभी से पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी दायित्व निभाने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित पर्यावरण मिल सके. छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा प्रकृति संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया.